तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 13 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

12 हर बच्चे को स्कूल तक लेकर आने का प्रयास कर...



12 पूर्व सीएम ने जाना विधायक की पत्नी का हालचाल



## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में खिलाफ कार्रवाई करते हुए विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये हड़पने के मामले में संलिप्त अन्य दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान हरभजन सिंह वासी गांव पंजोखरा व एक महिला के रूप में हुई है। समलेहड़ी गांव के रहने वाले लखमीर सिंह ने 14 अक्तूबर 2025 को विदेश भेजने की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। मामले में संलिप्त दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ पहले भी पंचकुला, सेक्टर-9 अंबाला शहर में धोखाधड़ी से 8 मामले दर्ज हैं।

### 20 ग्राम हेरोइन के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-2 की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक नशा तस्कर को 20 ग्राम हेरोइन के साथ रंगे हाथों काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अमित कुमार वासी कंच घर, अंबाला शहर के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि आरोपी अंबाला बस स्टैंड पर कपड़ों की रेहड़ी लगाने का काम करता था। इसकी आड़ में वह काफी समय से नशे की तस्करी में संलिप्त था।पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी एलआईसी बिल्डिंग के पास नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाला है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और आरोपी को धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 20 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### 8.89 ग्राम हेरोइन के केस में संलिप्त आरोपी दबोचा

**अंबाला।** थाना साहा की पुलिस टीम ने 8.89 ग्राम हेरोइन मामले में संलिप्त दूसरे आरोपी 'पारस' को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। गौरतलब है कि 7 अप्रैल 2025 को पुलिस ने इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-2 साहा से आरोपी मनीष कुमार उर्फ मच्छर को 8.89 ग्राम हेरोइन के साथ रंगे हाथों काबू किया था। आरोपी के खिलाफ थाना साहा में मामला दर्ज कर उसे पुलिस रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपी मनीष कुमार ने स्वीकार किया कि इस नशीले पदार्थ की तस्करी के खेल में गांव साहा का रहने वाला 'पारस' भी उसके साथ संलिप्त है। पुख्ता सबूतों के आधार पर अब पुलिस ने आरोपी पारस को भी मामले में गिरफ्तार कर लिया है।

## धोखाधड़ी के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज

# कंपनी में ट्रेडिंग के नाम पर दो लोगों से पौने तीन करोड़ हड़पे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुनानगर में फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने तिलक नगर निवासी अजय शर्मा और जितेंद्र प्राशर को फर्जी कंपनी और नकली ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के जरिए अधिक मुनाफे का लालच देकर अपने जाल में फंसाया और उनसे करीब पौने तीन करोड़ रुपये हड़प लिए। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार अजय शर्मा और जितेन्द्र प्राशर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जनवरी 2023 में उनकी मुलाकात आरोपी अमित खेड़ा से यमुनानगर में आरोपी रमेश दत्ता के कार्यालय में हुई। जहां अमित खेड़ा ने खुद को फॉरेक्स ट्रेडिंग का विशेषज्ञ बताते हुए अपनी कंपनी में निवेश कर भारी मुनाफे का लालच दिया। आरोपियों ने उसे बताया कि समदर्श खेडा और अन्य साथी भी इस काम में साझेदार हैं। कई लोग पहले से ही उनकी कंपनी में निवेश कर अच्छा लाभ कमा रहे हैं। आरोपियों ने उन्हें भरोसे में लेकर छह फरवरी 2023 को उनकी सोनी इसरानी, रमेश दत्ता और हरनेक सिंह से मुलाकात करवाई। आरोपियों ने उन्हें कंपनी में निवेश करने के लिए उकसाया।




आरोपियों की बातों में आकर उन्होंने आरोपियों के अकाउंट में अलग-अलग दिन करीब पौने तीन करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद आरोपियों ने उन्हें बताया कि उन्होंने अपनी कंपनी का नाम बदलकर बीएफएस प्रो कर दिया है। आरोपियों ने विश्वास जीतने के लिए कुछ निवेशकों को थोड़ा बहुत पैसा वापस भी किया। इसके बाद आरोपियों ने उनका भुगतान बंद कर दिया। जब उन्होंने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों अमित खेड़ा, समदर्श खेडा, सोनी इसरानी, रमेश दत्ता और हरनेक सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सस्ती फॉर्च्यूनर दिलाने के नाम पर टीचर से 31 लाख रुपये की ठगी, चेक भी बाउंस

**कुरुक्षेत्र।** सस्ती फॉर्च्यूनर दिलाने के बहाने एक टीचर से 31 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने पहले कम कीमत में गाड़ी दिलाने का झांसा दिया, फिर पैसे लेकर न तो गाड़ी दी और न ही रकम लौटाई।पीड़ित दिलबाग सिंह निवासी डेरा संत सिंह ने बताया कि उसकी जान-पहचान कुलदीप सिंह के जरिए आरोपी रूपांकन शर्मा से हुई थी। आरोपी ने फॉर्च्यूनर गाड़ी, जिसकी कीमत करीब 44-45 लाख बताई गई, उसे 30-31 लाख में दिलाने का दावा किया। भरोसा करके दिलबाग सिंह ने अक्टूबर से दिसंबर 2023 के बीच अलग-अलग किस्तों में करीब 31 लाख रुपए आरोपी को दे दिए। आरोपी लगातार गाड़ी देने के नाम पर टालमटोल करता रहा। यहां तक कि जनवरी 2025 में भी उसने एक लाख रुपए और ले लिए। 6 जून 2025 को जब पीड़ित अपने दोस्त के साथ पैसे मांगने गया तो आरोपी ने धमकियां दीं। बाद में आरोपी ने 31 लाख रुपए लौटाने के लिए तीन चेक दिए, लेकिन सभी चेक बाउंस हो गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला के साथ दो लाख की धोखाधड़ी

**पानीपत।** पानीपत की न्यू होम कॉलोनी निवासी कोमल पत्नी मानव के एक निजी बैंक के क्रेडिट कार्ड से करीब 1.99 लाख रुपये निकाल लिए। वहीं, पीड़ित की शिकायत पर साइबर अपराध थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू कर दी है। इधर, कोमल के साथ हुई धोखाधडी के मामले की साइबर थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। फिलहाल साइबर विशेषज्ञों की टीम ट्रांजेक्शन ट्रेल को ट्रैक कर रही है, ताकि अपराधियों तक पहुंचा जा सके और पीड़ित की राशि को वापस कराया जा सके।



करनाल। अवैध निर्माण गिराती जिला योजनाकार विभाग की जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

# करनाल में चार अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर, एक निर्माण भी ध्वस्त

- जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई, लोगों को वैध प्लॉट खरीदने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिला योजनाकार की अगुवाई में विभागीय टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस बल के साथ मिलकर चार अवैध कॉलोनियों और एक अवैध निर्माण के खिलाफ तोड़फोड़ अभियान चलाया। पहली कार्रवाई गांव झंझाड़ी में सीएचडी सिटी के पास करीब 1.2 एकड़ में विकसित कॉलोनी पर की गई, जहां डीपीसी, शेड और सड़कों को ध्वस्त किया गया। दूसरी कॉलोनी गांव पुण्डरक में लगभग 10 एकड़ क्षेत्र में फैली थी, जहां दो डीपीसी और सड़कों को तोड़ा गया।

तीसरी कॉलोनी गुरुनानक द्वार रोड पर जिला कारागार के सामने करीब 2.5 एकड़ में बनी हुई थी, जिसमें कच्ची सड़कों को हटाया गया। चौथी कॉलोनी केन्द्रीय विद्यालय के सामने लगभग 17 एकड़ में विकसित की जा रही थी, जहां सीवरेज नेटवर्क और कच्ची सड़कों को ध्वस्त किया गया। इसके अतिरिक्त गांव शाहपुर स्थित दून इंटरनेशनल स्कूल के पास एक अवैध निर्माण को भी गिराया गया।

जिला योजनाकार ने स्पष्ट किया कि अवैध कॉलोनियां काटने और निर्माण करने वालों के खिलाफ लगातार एफआईआर दर्ज की जा रही हैं और आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे किसी भी प्रॉपर्टी डीलर के झांसे में न आएं और केवल वैध कॉलोनियों में ही प्लॉट खरीदें।

## जानलेवा हमले के दोषी को 7 साल कैद व 10 हजार जुर्माना

- जुर्माना नहीं भरने पर आरोपी को भुगतनी होगी अतिरिक्त सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुनानगर के प्यारा चौक पर हुई सड़क दुर्घटना के बाद हुए झगड़े में एक युवक पर ईंट से जानलेवा हमला करने के मामले में अदालत ने आरोपी अभिषेक सांगवान उर्फ अवि को सात वर्ष कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना न भरने पर छह माह अतिरिक्त जेल की सजा भी होगी। धमकी देने के अपराध में आरोपी को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भी दिया गया।

घटना 10 फरवरी 2021 की रात हुई थी। शिकायतकर्ता कपिल पुत्र इंद्र पाल, निवासी ईस्ट भाटिया नगर अपने दोस्तों सोनू उर्फ बीर सिंह और राजू के साथ प्यारा चौक पर खड़ा था। तेज रफ्तार सफारी गाड़ी ने उनके एक्टिवा को टक्कर मारी, इसके बाद गाड़ी से उतरे अभिषेक और उसका साथी शिवम खुराना गाली-गलौज करते हुए हाथापाई करने लगे। अभिषेक ने सड़क से ईंट उठाकर सोनू के सिर पर कई बार वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सोनू को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मेडिकल रिपोर्ट में सिर में फ्रैक्चर और जानलेवा चोटें पाई गईं।

उप न्यायवादी अंकुश मित्तल ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को पंचकूला से गिरफ्तार किया और घटना में प्रयुक्त ईंट भी बरामद की। अदालत ने सबूत और गवाहों के बयान के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए सात साल कैद व 10 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुना दी है। ट्रायल के दौरान जेल में बिताई गई अवधि सजा में समायोजित की जाएगी।

## अमीन में युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**कुरुक्षेत्र।** अमीन गांव में एक 18 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। युवक का शव पशुओं के बाड़े में लोहे के गाडर से रस्सी के सहारे लटका हुआ मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई।मृतक की पहचान अरुण के रूप में हुई है, जो मूल रूप से करनाल जिले के नलीपार गांव का निवासी था और पिछले कुछ वर्षों से अमीन गांव में रहकर काम कर रहा था। जानकारी के अनुसार, अरुण सुबह करीब साढ़े 5 बजे भैंसों का दूध निकालने के लिए बाड़े में गया था, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटा। इस पर बाड़े के मालिक ने मौके पर पहुंचकर देखा तो अरुण फंदे पर लटका हुआ मिला।घटना की सूचना तुरंत परिजनों को दी गई। पिता गज्जन सिंह मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।परिजनों के बयान के आधार पर थाना केयूके पुलिस ने इत्तफाकिया रिपोर्ट दर्ज कर ली है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हत्या की गुत्थी सुलझी, दो भाई गिरफ्तार

- 20 मार्च को नरवाना ब्रांच नहर डल्ला माजरा मे मिला था व्यक्ति का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस ने नरवाना ब्रांच नहर डल्ला माजरा में मिले शव के हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। कुरुक्षेत्र पुलिस ने डल्ला माजरा नहर में मिली लाश के हत्या मामले को सुलझाते हुए हत्या करने के आरोपी राजेन्द्र कुमार व राकेश कुमार वासीयान गोलू माजरा थाना लालडू जिला मोहाली पंजाब को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है।

जानकारी देते हुए अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल ने बताया कि 20 मार्च 26 को पुलिस को सूचना मिली थी कि नरवाना ब्रांच नहर डल्ला माजरा मे एक व्यक्ति की लाश तैर रही है जिसके हाथ-पैर रस्सी से बंधे हुए हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौका पर पहुंची। गोताखोर प्रगट सिहं की सहायता से शव को बाहर निकाला गया। पुलिस की सीन आफ क्राईम टीम व एफएसएल के द्वारा जांच की गई। गोताखोर प्रगट सिहं वासी दबखेडी की शिकायत पर थाना इस्माईलाबाद में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। लाश का पोस्ट मार्टम करवाया गया। मामले की गम्भीरता को देखते हुए जांच के लिए अपराध अन्वेषण शाखा-2 व थाना इस्माईलाबाद की टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने अलग अलग एंगल से मामले की जांच की। जांच के दौरान लगातार तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूचनाओं के आधार पर सुराग जुटाए गए जिससे जांच को निर्णायक दिशा मिली।

मृतक की पहचान गुरमुख सिंह वासी गोलू माजरा थाना लालडू जिला मोहाली पंजाब के रूप में हुई थी। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आरोपी राजेन्द्र कुमार व राकेश कुमार वासीयान गोलू माजरा थाना लालडू जिला मोहाली पंजाब को गिरफ्तार किया गया।

### मृतक की दिमागी हालत ठीक न होने के कारण परिवार था परेशान

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गुरमुख सिंह पढाई करते समय 7वीं कक्षा में फैल हो गया था। जिस कारण वह दिमागी तौर पर पागल हो गया था। करीब 17/18 साल से गुरमुख सिंह का कई हस्पतालो में व कई अन्य जगहो पर काफी ईलाज करवाया गया परन्तु ठीक नहीं हुआ। पागल होने के कारण गुरमुख सिंह परिवार के सभी सदस्यों व बच्चों को मारने पीटने लग गया था और यह डर था की गुरमुख सिंह दिमांगी तौर से पागल होने के कारण किसी घटना को अन्जाम न दे दे। जिस कारण परिवार के सभी सदस्य गुरमुख सिंह से बहुत तंग व परेशान थे।

### आरोपी भाइयों ने रस्सी से हाथ-पैर बांधकर जिन्दा फेंक दिया था नहर में

आरोपियों ने बताया कि 12 मार्च 2026 को दोनो भाईयो ने मिलकर अपने भाई गुरमुख सिंह की हत्या करने के लिये सलाह बना ली। दोनो भाई गुरमुख सिंह को अपनी मोटरसाईकिल पर बीच में बैठाकर दवाई दिलवाने के बहाने अपने गांव से लेकर आ गए थे। रास्ते में आते समय एक दुकान से प्लास्टिक की रस्सी खरीद ली थी और उसके बाद इस्माईलाबाद जिला कुरुक्षेत्र के एरिया में जा रही दो नहरों में से एक नहर के अन्दर अपने भाई गुरमुख सिंह के दोनों हाथ व पैर रस्सी से बांधकर उसको जीवित अवस्था में नहर के पानी में मरने के लिये फैंक दिया था।

## वाघा बॉर्डर से आज पाकिस्तान में दाखिल होगा हरियाणा का जत्था

**कुरुक्षेत्र।** खालसा साजना दिवस के अवसर पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी द्वारा रवाना किया गया श्रद्धालुओं का जत्था आज 10 अप्रैल को वाघा बॉर्डर के रास्ते पाकिस्तान में प्रवेश करेगा। धार्मिक आस्था से जुड़े इस विशेष जत्थे में शामिल श्रद्धालु पाकिस्तान स्थित पवित्र गुरुद्वारा साहिबानों के दर्शन करेंगे। ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी, कुरुक्षेत्र से अरदास के बाद रवाना हुए इस जत्थे को कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा सहित कई गणमान्य लोगों ने विदा किया था। जत्थे की अगुवाई बहादुर सिंह कर रहे हैं, जबकि कमेटी के चार कर्मचारी भी श्रद्धालुओं के साथ यात्रा पर गए हैं। जानकारी के अनुसार, जत्था अपने प्रवास के दौरान ननकाना साहिब, पंजा साहिब, रोड़ी साहिब और करतारपुर साहिब जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करेगा। यह यात्रा सिख श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखती है, क्योंकि ये स्थल सिख इतिहास और आस्था के केंद्र माने जाते हैं।




कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि इस यात्रा के लिए कुल 275 पासपोर्ट भेजे गए थे, जिनमें से 255 श्रद्धालुओं को वीजा प्राप्त हुआ है। जत्थे के सदस्यों को यात्रा के दौरान सभी सरकारी नियमों और दिशा-निर्देशों का पालन करने की हिदायत दी गई है, ताकि यात्रा सुचारु और सुरक्षित रूप से संपन्न हो सके। प्रधान जगदीश सिंह झीडा ने जत्थे को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह यात्रा श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक अनुभव का अवसर है। उन्होंने हरियाणा और केंद्र सरकार का आभार जताते हुए कहा कि सरकार ने इस यात्रा की अनुमति देकर सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं का सम्मान किया है। जत्था 19 अप्रैल को भारत वापस लौटेगा।

# मुख्यमंत्री डमी; कोई सिग्नेचर पॉवर नहीं, बात सुनकर टालने के लिए कुर्सी पर बिठाया: टिकैत

**शहजादपुर/नारायणगढ़।** सब्जी मंडी में गुरुवार को हुई किसान महापंचायत में राकेश टिकैत ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लागू पोर्टल सिस्टम ने किसानों की हालत खराब कर दी है।



किसान अपनी ही फसल बेचने के लिए परेशान है और मंडियों में धक्के खा रहा है। टिकैत ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके पास कोई सिग्नेचर पावर नहीं है। उन्हें केवल लोगों की बातें सुनकर टालने के लिए कुर्सी पर बैठाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां बड़े व्यापारियों और उद्योगपतियों के पक्ष में हैं, जबकि किसान लगातार नुकसान झेल रहा है। उन्होंने कहा कि पहले किसान आसानी से अपनी फसल बेच देता था और भुगतान भी समय पर मिल जाता था, लेकिन अब पोर्टल और नियमों की वजह से प्रक्रिया जटिल हो गई है। जिन किसानों की जमीन किसी अन्य के नाम है या पारिवारिक कारणों से वे खुद नहीं पहुंच पाते, उनके लिए यह व्यवस्था और भी परेशानी खड़ी कर रही है। टिकैत ने 11 अप्रैल को जिला स्तर पर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक सड़क जाम करने का ऐलान किया। उन्होंने किसानों से आंदोलन में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि जब तक सरकार पोर्टल सिस्टम बंद नहीं करती और एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित नहीं करती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का भी जिक्र किया और कहा कि सरसों, गेहूं और आलू की फसल को भारी नुकसान हुआ है। इसके बावजूद सरकार राहत देने के बजाय नियमों के नाम पर किसानों को परेशान कर रही है। महापंचायत में चमन गुज्जर को भाकियू का युवा प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया और कई युवाओं को सम्मानित भी किया गया।

**कार्यक्रम** एसडी कॉलेज में दादा लखमीचंद ट्रस्ट व कला परिषद के तत्वावधान में सांग महोत्सव

# हरियाणवीं संस्कृति की धरोहर है सांग: मोहन लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

दादा लखमीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट पानीपत तथा हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में एसडी कॉलेज में 9 से 12 अप्रैल तक चलने वाले चार दिवसीय सांग महोत्सव के शुभारंभ पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे।

वहीं, बडौली ने कहा कि हरियाणवीं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को संस्कृति से जोडने के लिए हमारी लोकनाट्य सांग परंपरा एक मिल का पथर साबित होगी। इससे हरियाणवीं संस्कृति को एक नई दिशा मिलेगी। दादा लखमीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा करवाए जा रहे ऐसे आयोजन हरियाणवीं संस्कृति को विश्व स्तर पर एक विशेष पहचान दिलाने का काम करेंगे। संस्था के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि आज सोनू भगाना एंड पार्टी ने हीर रांझा सांग का मंचन किया। संस्था की महिला संयोजिका सीमा हरियाणवीं ने बताया कि हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल के निदेशक गजेंद्र फोगाट के मार्गदर्शन में कार्यक्रम 12 अप्रैल तक चलेगा। जिसमें 10 अप्रैल को लड़कियों द्वारा सांग का मंचन किया जाएगा। 11 व 12 अप्रैल को सूर्य कवि पंडित लख्मी चंद के पुत्र विष्णु दत्त सांग का मंचन करेंगे।




पानीपत। एसडी कालेज में सांग की प्रस्तुति देते कलाकार।

वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, भाजपा महिला जिला अध्यक्ष नेहा शर्मा, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, एसडी कॉलेज के प्रधान दिनेश मित्तल व प्राचार्य डॉ अनुपम अरोडा, सुनील शर्मा, ब्राह्मण सभा के प्रधान राजेश शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। पीसीसी अकेडमी निदेशक राजीव परुथी विशिष्ट अतिथि रहे। स्वागत कमेटी अध्यक्ष मोना शर्मा ने सभी का स्वागत किया। मंच संचालन गिरीश मानव ने किया। इस अवसर पर पवन धीमान, दिनेश जून, नरेंद्र गर्ग, मोहित शर्मा, सुरेश शर्मा, रामलाल भाटिया, उमेद पांचाल, कंवरभान व धर्मवीर आदि उपस्थित रहे।

# इसराना में सरसों के तोल में मिला अंतर

- डीसी ने एसपी के साथ मंडी में सरसो व गेहूं की खरीद जांची
- खरीद केवल कंप्यूटराइज्ड मीटर के माध्यम से ही करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत जिला में गेहूं और सरसों की फसल की आवक लगातार मंडियों में बढ़ रही है। किसान अपनी उपज के सुचारु विक्रय को लेकर रोजाना मंडियों का रुख कर रहे हैं। सरकार भी किसानों के हितों को लेकर सतर्क है और प्रशासन लगातार व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए है। गुरुवार को उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया और पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने इसराना की नई आधुनिक अनाज मंडी का दौरा कर खरीद प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आढ़तियों को कड़ी फटकार लगाई और फसल की खरीद कंप्यूटराइज्ड मीटर से करने के निर्देश दिए और कहा कि पुराने मीटरों को तत्काल हटवाया जाए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अपने सामने गेहूं और सरसों की फसल की जांच कराई। पुराने कांटों से तोली गई फसल और नए मीटर के बीच अंतर पाए जाने पर उन्होंने तुरंत सुधार के आदेश दिए और आढ़ती को निर्देशित किया कि किसानों को हुए नुकसान की भरपाई की जाए।



पानीपत। इसराना मंडी में सरसों में नमी की जांच करते डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया।

## खबर संक्षेप

### पुलिस के समझाने के बाद हुआ पोस्टमार्टम

**करनाल।** पश्चिमी यमुना नहर के पास हुए सड़क हादसे में चाचा-भतीजे की मौत के बाद परिजनों ने विरोध प्रदर्शन किया और पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। मामला तब शांत हुआ जब पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाया। दोनों सड़क किनारे पैदल जा रहे थे, तभी पीछे से आई तेज रफ्तार पुलिस वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना से आक्रोशित परिजन आरोपी पुलिसकर्मी की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें भरोसा दिलाया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जांच में शामिल कर लिया गया है और निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद परिजन शांत हुए और दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पैरा राइफल शूटर रीना की उपलब्धियों को सराहा

**कुरुक्षेत्र।** पैरा राइफल शूटर रीना रानी अपने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जीते हुए स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक लेकर सांसद नवीन जिन्दल से मिली। रीना रानी ने सांसद नवीन जिन्दल को अपनी उपलब्धियों और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राइफल शूटिंग में देश का नाम ऊंचा करने के लक्ष्य से भी अवगत कराया। रीना ने सांसद नवीन जिन्दल को, अपना खेल जारी रखने और अच्छे परिणाम लाने के लिए आर्थिक सहायता का भी मांगपत्र सौंपा।

### बाबैन के बरगट में फुले जयंती समारोह 11 को

**कुरुक्षेत्र।** 11 अप्रैल को सुबह 9 बजे सैनी समाज की तरफ से बाबैन के गांव बरगट में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। सैनी समाज धर्मशाला में आयोजित पत्रकार वार्ता में सैनी समाज सभा के प्रधान गुरनाम सैनी ने बताया कि जयंती समारोह में में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती समारोह में पहुंचकर महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान का शिलान्यास करेंगे। यह संस्था सैनी समाज की तरफ से 8 एकड़ भूमि में तैयार किया जाएगा। समारोह में कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार, मंत्री श्याम सिंह राणा, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा, सांसद नवीन जिंदल और हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी विशेष तौर पर शिरकत करेंगे।

### 6 से अधिक गांवों में विकाय कार्यों की सौगात

**पिहोवा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने क्षेत्र में विकास की रफ्तार को नई दिशा देते हुए एक ही दिन में 6 से अधिक गांवों में विकास कार्यों का शुभारंभ कर जनता को बड़ी सौगात दी। इस दौरान उन्होंने कुल 10 से ज्यादा विकास कार्यों का उद्घाटन किया, जिनमें गलियां, सीवरेज और बस स्टॉप जैसी बुनियादी सुविधाएं शामिल हैं। बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे डीडी शर्मा ने तीन नई गलियों का लोकार्पण किया।

# सर्विस लेन की मांग पर अड़े किसान, आश्वासन ठुकराया

### दो माह से जारी धरना, आंदोलन तेज करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

- बेनतीजा रही एनएचएआई के अधिकारियों की टीम से किसानों की वार्ता

करनाल रिंग रोड पर गांव सोहना के समीप सर्विस लेन निर्माण की मांग को लेकर किसानों का धरना लगातार जारी है। लगभग दो माह बाद एनएचएआई के अधिकारियों की टीम किसानों से वार्ता करने पहुंची, लेकिन बातचीत बेनतीजा रही।

किसानों की ओर से नेतृत्व उत्तरी हरियाणा प्रभारी मेहताब कादयान ने किया। एनएचएआई अधिकारियों ने बताया कि प्रस्ताव मंजूरी के लिए केंद्र सरकार को भेजा गया है और स्वीकृति मिलने के बाद कार्य शुरू किया जाएगा।

किसानों ने इस आश्वासन को सिरे से नकारते हुए स्पष्ट कहा कि जब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं होगा, आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पहले भी लिखित आश्वासन के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई, इसलिए अब किसी भी वादे पर भरोसा नहीं किया जाएगा। अधिकारियों के समझाने के प्रयास विफल रहे और वे बिना किसी सहमति के लौट गए।



**करनाल।** गांव सोहना के समीप सर्विस लेन निर्माण की मांग को लेकर धरने पर बैठे किसान।

#### आंदोलन को मिलेगा प्रदेश स्तर का रूप

किसान नेता रतन मान ने कहा कि बार-बार किसानों को गुमराह करने का प्रयास न किया जाए। जब तक सर्विस लेन का निर्माण शुरू नहीं होगा, आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि गेहूं कटाई के बाद इस आंदोलन को प्रदेश स्तर पर विस्तारित किया जाएगा।

#### ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान, मुआवजे की मांग

**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने हाल ही में हुई बारिश और ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों के लिए सरकार से मुआवजे की मांग की है।प्रवक्ता बहादुर मैहला ने बताया कि इंद्री और आसपास के क्षेत्रों में हजारों एकड़ गेहूं, सरसों और सब्जियों की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। कई जगहों पर फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। उन्होंने मांग की कि तुरंत विशेष गिरदावरी कराकर किसानों को 70 से 80 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए। साथ ही मंडियों में गेहूं की सुचारू खरीद सुनिश्चित की जाए और नमी के बहाने किसानों को परेशान न किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि समय पर खरीद शुरू की जाती तो किसानों को इतना नुकसान नहीं उठाना पड़ता।

# श्रीमद् भागवत कथा में भक्ति ज्ञान और वैराग्य का महत्व



**तरावड़ी।** मंच से कथा सुनाते कथा व्यास आचार्य श्री कृष्ण महाराज एवं श्रद्धालु।

- श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| तरावड़ी

श्री भागवत सेवा समिति की ओर से ब्रह्मलीन संत शिरोमणि बाबा बंसी वाले की असीम कृपा से शहर वासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन हो रहा है। यह आयोजन 8 अप्रैल से 15 अप्रैल तक शिव शक्ति सत्संग भवन, नगर खेड़ा के नजदीक आयोजित किया जा रहा है। दूसरे दिन की कथा का शुभारंभ समिति के सदस्यों ने पूजा अर्चना करके किया। कथा वाचन आचार्य कृष्ण महाराज (वृंदावन वाले) अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को कथा का रसपान करा रहे हैं।

कथा व्यास आचार्य कृष्ण महाराज ने दूसरे दिन बताया कि श्रीमद् भागवत कथा में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य सच्चे मन से भगवान का स्मरण करता है, तो उसके जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और भक्तों के प्रति उनकी करुणा का सुंदर वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कथा के माध्यम से उन्होंने बताया कि मानव जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक सुख नहीं, बल्कि प्रभु भक्ति और सेवा भाव से जीवन को सफल बनाना है।

# घरौंडा अनाजमंडी में 17 मई से 23 मई तक महाशिवपुराण कथा होगी

- यमदृष्टि फाउंडेशन की ओर से किया जाएगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| घरौंडा

यमदृष्टि फाउंडेशन की ओर से आगामी 17 मई से 23 मई तक घरौंडा की नई अनाज मंडी में भव्य महाशिवपुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा जी भगवान शिव की महिमा का गुणगान करेंगे। कथा को लेकर क्षेत्र में श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।

वीरवार को नई अनाज मंडी में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दंडी स्वामी सर्वेश्वर आनंद सरस्वती जी महाराज ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यमदृष्टि फाउंडेशन द्वारा देशभर में महाशिवपुराण कथाओं का



आयोजन किया जाता है और यह देश की चौथी कथा है, जिसका आयोजन घरौंडा की पावन धरती पर होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों का मुख्य उद्देश्य विश्व कल्याण और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। उन्होंने आगे बताया कि 17 मई से शुरू होने वाली इस कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कथा के दौरान भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों और उनकी महिमा का विस्तार से वर्णन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालु आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इस मौके पर आयोजन की तैयारियों का शुभारंभ भी विधि-विधान के साथ किया गया। नई अनाज मंडी में आढ़ती संजय मित्तल की दुकान पर पूजन कर भगवान हनुमान का ध्वज चढ़ाया गया।

### महिला थाना टीम पर हमला, मां-बेटी काबू

**करनाल।** गांव गोली में महिला थाना की टीम पर हमला करने का मामला सामने आया है, जहां एक महिला और उसकी बेटी ने पुलिस टीम के साथ हाथापाई कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है। महिला थाना प्रभारी कविता गोयल अपनी टीम के साथ एक पुराने मामले में नोटिस देने के लिए गांव पहुंची थीं। टीम में महिला उप निरीक्षक, सिपाही और चालक शामिल थे। जैसे ही पुलिस टीम आरोपी महिला के घर पहुंची, वहां मौजूद महिला और उसकी बेटी ने नोटिस लेने से साफ इनकार कर दिया। पुलिस द्वारा समझाने और कानूनी प्रक्रिया बताने के बावजूद दोनों ने अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। आरोप है कि उन्होंने पुलिस टीम के साथ हाथापाई करते हुए नाखूनों से हमला किया, जिससे थाना प्रभारी के हाथों पर चोट आई।

घटना के बाद पुलिस ने दोनों को काबू कर लिया और उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

# गणित पोस्टर स्पर्धा में दिखी विद्यार्थियों की रचनात्मकता

### डॉ. रेखा के मार्गदर्शन में आयोजन

- प्रथम स्थान आकांक्षा एवं साक्षी ने हथियाया, द्वितीय पर आरती रही

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गणित विभाग द्वारा रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या सह जिला उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. रेखा त्यागी के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ।

प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणितीय अवधारणाओं के प्रति रुचि विकसित करना और उनकी सृजनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना था। गणित विभागाध्यक्ष प्रो. संजीव गिरी ने प्राचार्या का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को नवाचार



और रचनात्मकता के महत्व से अवगत कराया। अपने संबोधन में डॉ. रेखा त्यागी ने कहा कि गणित को सरल और जीवनोपयोगी तरीके से समझना आवश्यक है तथा ऐसे आयोजन व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाते हैं।

निर्णायक मंडल में प्रो. संजीव गिरी, डॉ. राजेश बूरा एवं डॉ. गौरव ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया।

#### परिणाम इस प्रकार रहे

**प्रथम स्थान**ः आकांक्षा एवं साक्षी, द्वितीय स्थानः आरती, तृतीय स्थानः निधि एवं सुप्रिया। विजेताओं को डॉ. निधि शर्मा, डॉ. राजेश घासी, चरण सिंह, डॉ. राजेश रंगा, डॉ. गुरप्रीत, डॉ. रिंकी, डॉ. नीरू, डॉ. आशु, डॉ. हिमाक्षी, डॉ. गीता एवं दिव्या द्वारा सम्मानित किया गया।

# महिलाओं के संपत्ति अधिकारों पर दिया विशेष व्याख्यान

- डीएवी महिला महाविद्यालय में ऑनलाइन आयोजन, छात्राओं को दी कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

कुमारी विद्यावती आनंद डी.ए.वी. महिला महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संरक्षण में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, आई.पी.आर. प्रकोष्ठ और कंप्यूटर विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं के संपत्ति अधिकार विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता कैंपस लॉ सेंटर, दिल्ली विश्वविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. नेहा ने भाग लिया। महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा ने उनका स्वागत करते हुए बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को संपत्ति स्वामित्व, उत्तराधिकार और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है।

डॉ. नेहा ने हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम एवं उसके संशोधनों पर विस्तार से चर्चा करते हुए उत्तराधिकारी बनने के अधिकार, सहभागिता अधिकार और संपत्ति से वंचित होने की स्थिति में उपलब्ध कानूनी उपायों की जानकारी दी। महिलाओं के संपत्ति अधिकारों पर विस्तृत जानकारी दी गई हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के प्रावधानों पर चर्चा, कानूनी उपायों और अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

### विकास कार्यों को नई रफ्तार देने पर मंथन

**करनाल।** करनाल विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर विधायक जगमोहन आनंद ने चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। इस दौरान शहर और ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों, लंबित परियोजनाओं और भविष्य की योजनाओं पर गहन चर्चा की गई। विधायक ने करनाल में आधारभूत ढांचे को और मजबूत करने की जरूरत पर बल देते हुए सड़कों के विस्तार, यातायात व्यवस्था के आधुनिकीकरण, पेयजल आपूर्ति , सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर करने जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठाए। साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, मौजूदा सुविधाओं के उन्नयन पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ 25 से

- हरिद्वार के अग्निपूर्ण आश्रम, शिव नगर, भूपतवाला में होगा आयोजन

**तरावड़ी।** शहर के प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं सरस्वती राइस इंडस्ट्री तरावड़ी के मैनेजिंग डायरेक्टर शीशपाल गुप्ता ने बताया कि धार्मिक नगरी हरिद्वार में 25 अप्रैल से 1 मई तक श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह पावन आयोजन उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित अग्निपूर्ण आश्रम, शिव नगर, भूपतवाला में बाबा बंसी वाले के आशीर्वाद से संपन्न होगा।

इस सप्ताह भर चलने वाले ज्ञान यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा, जिसमें भक्ति, ज्ञान और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। कथा के माध्यम से मानव जीवन को सही दिशा देने, धर्म, कर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी जाएगी। साथ ही, प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की विशेष व्यवस्था भी की गई है, ताकि दूर-दराज से आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। शीशपाल गुप्ता ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ती है और आपसी भाईचारे को मजबूती मिलती है। श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में हरिद्वार पहुंचकर इस पुण्य अवसर का लाभ उठाएं और कथा श्रवण कर अपने जीवन को धन्य बनाएं।

## न्यूज डायरी

### रूस में युवक की संदिग्ध मौत, परिवार सदमे में

**करनाल।** बसंत विहार निवासी 18 वर्षीय युवक की रूस में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से परिवार में मातम छा गया है। युवक कुछ दिन पहले ही विदेश गया था और वहां नौकरी की तलाश कर रहा था। परिजनों के अनुसार युवक 16 मार्च को टूरिस्ट वीजा पर रूस गया था, जिसके लिए परिवार ने करीब पांच लाख रुपये खर्च किए थे। अंतिम बार परिवार की उससे सामान्य बातचीत हुई थी, लेकिन अचानक उसके दोस्त के माध्यम से एक संदेश मिला, जिसमें उसकी मौत की जानकारी दी गई। परिवार का कहना है कि उन्हें अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई। उन्हें केवल इतना बताया गया कि वह कहीं से गिर गया, लेकिन घटना की सच्चाई सामने नहीं आई है। मृतक की मां, जो सिलाई का काम करती हैं, ने सरकार से गुहार लगाई है कि उनके बेटे का शव जल्द से जल्द भारत लाया जाए। परिवार इस मामले में जनप्रतिनिधियों से भी संपर्क कर चुका है और हर संभव मदद की मांग कर रहा है।

### दमकलकर्मियों की हड़ताल दो दिन और बढ़ी



**करनाल।** सरकार के साथ वार्ता विफल होने के बाद अग्निशमन कर्मचारी यूनियन ने हड़ताल को दो दिन और बढ़ा दिया है। अब कर्मचारी 10 और 11 अप्रैल को भी हड़ताल पर रहेंगे। सेक्टर-4 स्थित दमकल केंद्र में कर्मचारी धरने पर डटे रहे। यूनियन के जिला प्रधान संदीप त्यागी ने बताया कि फरीदाबाद अग्निकांड में जान गंवाने वाले कर्मचारियों को शहीद का दर्जा और उनके परिवारों को आर्थिक सहायता देने की मांग को लेकर यह आंदोलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार अधिकारियों से बातचीत के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला, जिससे मजबूर होकर हड़ताल करनी पड़ी। कर्मचारियों ने मांग की कि मृतक दमकलकर्मियों के परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाए, कर्मचारियों को नियमित किया जाए, वेतन बढ़ाया जाए और जोखिम भत्ता व वर्दी भत्ता प्रदान किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को अनिश्चितकाल तक जारी रखा जाएगा।

### अनुसंधानकर्ताओं को कानूनी जानकारी दी

**मधुबन/करनाल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के मुख्यालय मधुबन में एनडीपीएस एक्ट के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला ब्यूरो प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संजय कुमार के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के नेतृत्व में संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं कोर्स इंचार्ज निरीक्षक होशियार सिंह ने की। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अनुसंधानकर्ताओं को एनडीपीएस एक्ट के कानूनी प्रावधानों, जांच प्रक्रिया और न्यायालयों के दिशा-निर्देशों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यशाला में लगभग 40 अनुसंधानकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान सहायक उप निरीक्षक बलिंद्र सिंह ने नशा मामलों की जांच प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी, जबकि सहायक उप निरीक्षक अमित कुमार ने संबंधित कानून के अंतर्गत निरोधात्मक प्रावधानों को समझाया। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मनोज कुमार ने एनडीपीएस एक्ट 1985, उच्च न्यायालय पंजाब-हरियाणा तथा उच्चतम न्यायालय के महत्वपूर्ण फैसलों पर विस्तार से चर्चा की।

### लिबर्टी शूज ने स्थापना दिवस पर संस्थापकों को दी श्रद्धांजलि

# संस्थापकों की दूरदर्शिता से बनी वैश्विक पहचान

- लिबर्टी लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही : निदेशक शम्मी बंसल

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

देश की प्रमुख फुटवियर निर्माता कंपनी लिबर्टी शूज लिमिटेड ने गुरुवार को कुटेल स्थित लिबर्टी पुरम परिसर में स्थापना दिवस बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशक शम्मी बंसल ने कहा कि लिबर्टी की आज की ऊंचाइयों के पीछे संस्थापकों की दूरदर्शी सोच, कड़ी मेहनत और मजबूत मूल्य प्रणाली का सबसे बड़ा योगदान है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1954 में एक छोटे से प्रयास के रूप में शुरू हुई लिबर्टी आज वैश्विक स्तर पर



अपनी मजबूत पहचान स्थापित कर चुकी है। यह केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि विश्वास, गुणवत्ता और परंपरा का प्रतीक बन चुकी है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि संस्थापकों द्वारा दिए गए संस्कार ही कंपनी की असली पूंजी हैं और इन्हीं के बल पर लिबर्टी लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है। कार्यक्रम के दौरान कंपनी परिसर में स्थापित संस्थापकों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान ईडी सुनील बंसल, जी.एस. सैनी, अशोक चावला, राकेश चौहान, सुरजन सैनी, पंकज कुमार, पंकज मणि गोयल, सुरेश कांबोज, वीरेंद्र कांबोज, दिनेश कांबोज और गौरव जैन सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने संस्थापकों के आदर्शों को अपनाते हुए कंपनी की प्रगति को और आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

समारोह के अंत में सभी उपस्थितजनों के लिए प्रसाद स्वरूप भोजन वितरित किया गया, जिससे पूरे वातावरण में पारिवारिक और सांस्कृतिक भावनाओं की झलक दिखाई दी।

#### 72 साल की यात्रा

करनाल की धरती से 1954 में शुरू हुई लिबर्टी शूज की कहानी आज एक प्रेरणादायक गाथा बन चुकी है। सीमित संसाधनों और बड़े सपनों के साथ शुरू हुआ यह सफर आज एक विशाल वटवृक्ष का रूप ले चुका है, जिसकी शाखाएं देश ही नहीं बल्कि विदेशों तक फैली हुई हैं। संस्थापक डी.पी. गुप्ता, पी.डी. गुप्ता और आर.के. बंसल ने जिस छोटे से उद्योग की नींव रखी, आज वही कंपनी प्रतिदिन 60 हजार जोड़ी जूते तैयार कर वैश्विक बाजार में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है। हाथ से बनी जूतियों से शुरू हुई यह यात्रा आज अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ आगे बढ़ रही है। कंपनी हजारों लोगों को रोजगार प्रदान कर रही है और औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### नहर में मिली कार ने बढ़ाई चिंता, मालिक का नहीं चला सुराग

**करनाल।** कर्ण लेक के समीप पश्चिमी यमुना नहर से एक कार बरामद होने के बाद क्षेत्र में कई सवाल खड़े हो गए हैं। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कार नहर में कब और कैसे गिरी और इसमें कोई सवार था या नहीं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से नहर में तलाशी अभियान चलाया गया। पानी कम होने के कारण पुल के नीचे कार दिखाई दी, जिसके बाद क्रेन मंगवाकर शाम करीब चार बजे गाड़ी को बाहर निकाला गया। कार को बाहर निकालने के दौरान जीटी रोड पर जाम की स्थिति बन गई, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए यातायात को डायवर्ट किया और बाद में व्यवस्था सामान्य हुई। प्राथमिक जांच में सामने आया कि कार शेवरले बीट मॉडल की है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने बाइक छीनने वाले पकड़े

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने सेक्टर 13/17 दशहरा ग्राउंड में दो युवकों से मारपीट कर बाइक छीनने के दो आरोपियों मोहित निवासी गांव राठधाना जिला सोनीपत व दीपक निवासी घरौंडा जिला करनाल को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार राकेश ने बताया कि आरोपियों ने 12 अक्तूबर सन 2024 को बाइक छीनी थी। इधर, बाइक छीनने की उक्त वारदात बारे थाना सेक्टर 13/17 में देशराज कॉलोनी भावना चौक निवासी वीरेंद्र पुत्र रामदिया की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पुलिस टीम ने मारपीट का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने वधावराम कॉलोनी में युवक पर लाठी, डंडों से हमला कर चोट मारने के आरोपी रामशरण निवासी गांव अदियाना जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार विजय ने बताया कि उक्त वारदात बारे थाना तहसील कैंप में अंसल निवासी दिनेश कुमार की शिकायत पर केस दर्ज है।

### असंध रोड की हालत जर्जर

**पानीपत।** लतीफ गार्डन निवासी नॉर्थ इंडिया एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रिवेंशन आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक ने उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया को पत्र लिखकर शहर के अति व्यस्त असंध रोड की मरम्मत कराए जाने की मांग की है। पत्र में यशपाल मलिक ने बताया है कि जीटी रोड लाल बत्ती चौक से लेकर दो नहरों तक असंध रोड की हालत काफी खस्ता है। जिससे वाहन चालकों खासकर दो पहिया वाहन चालकों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए इसकी मरम्मत कराई जानी अति आवश्यक है।

### निःशुल्क मेडिकल जांच कैंप 12 को

**पानीपत।** अंसल सुशांत सिटी के सी ब्लॉक स्थित दीवान अस्पताल में 12 अप्रैल को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए अस्पताल के संचालक डॉ.नीरज दीवान ने दी। कैंप में डॉ.ललित गर्ग, डॉ.संदीप अग्रवाल, डॉ.अर्पित गोयल,डॉ. सौरभ मुदगिल, डॉ.सुमति, डॉ.कनव, डॉ. नीतीश, डॉ. रजत मनचंदा,डॉ. पंकज कुमार, डॉ. पुष्पा द्वारा नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी।

### ग्रीन मिशन पानीपत की बैठक आयोजित

**पानीपत।** ग्रीन मिशन पानीपत के तत्वावधान में हुडा सेक्टर 29 में काबरा यार्न परिसर में बैठक हुई। बैठक में ग्रीन मिशन के संयोजक संदीप जिंदल, सुरेश काबरा, नगर निगम अधिकारी रमेश बागड़ी, अभियंता नवीन सहरावत ने भाग लिया। वहीं बैठक में तय हुआ कि पानीपत को हरा भरा बनाने के 15 अप्रैल तक 25 हजार पौधे रोपे जाएगे। वहीं, नितिन अरोड़ा, भारत बांगा, ग्रीन मिशन की टीम सभी चिन्हित स्थान पर जेसीबीए फेंसिंग, मिट्टी, पौधे उपलब्ध करवाएगी।

### नारीवाद पर निबंध लेखन करवाया

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग की टैगोर समिति द्वारा साहित्यिक सप्ताह के चौथे दिन नारीवाद पर निबंध लेखन करवाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ सतवीर सिंह, अंग्रेजी विभाग के सभी प्राध्यापक डॉ. नीलम ,डॉ. निधि मल्होत्रा,डॉ नेहा पुनिया, प्रो. रेखा, प्रो. राहुल, डॉ. रिशु, प्रो. दीप्ति, प्रो. एकता, प्रो. रोशनी आदि उपस्थित रही।

### किसान मोर्चा का आंदोलन 11 को

**पानीपत।** संयुक्त किसान मोर्चा ने रबी सीजन में खरीद के नियमों के विरोध में 11 अप्रैल को प्रदेश में नेशनल हाईवे बंद करने की चेतावनी दी है। प्रत्येक जिले में एक नेशनल हाईवे बंद किया जाएगा। जबकि पानीपत की आढ़ती एसोसिएशन ने 11 अप्रैल को सुबह 11 से दो बजे तक तीन घंटे तौल बंद रखेगा। उपरोक्त जानकारी संयुक्त किसान मोर्चा के जिला संयोजक जयकरण कादियान व आढ़ती एसोसिएशन के जिला प्रधान धर्मबीर मलिक ने दी।

## पानीपत जिले में समाधान शिविर में आई 94 प्रतिशत शिकायतों का हुआ समाधान

# जनता के प्रति जवाबदेह है प्रदेश सरकारः सीएम सैनी

■ समाधान शिविर में वर्चुअल रूप से जुड़े मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने गुरुवार को पानीपत में आयोजित समाधान शिविर में वर्चुअल रूप से जुड़े और उन्होंने पानीपत में समाधान शिविर की प्रगति को जान कर समीक्षा की। वहीं, सीएम सैनी ने शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सीधे सुनीं और अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर शिकायत का समयबद्ध, पारदर्शी और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि समाधान शिविर केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं हैं, बल्कि यह सरकार की जवाबदेही और जनता के प्रति संवेदनशीलता का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। समाधान शिविर के दौरान मुख्यमंत्री सैनी ने आम नागरिकों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। सीएम सैनी ने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश सरकारजनता के प्रति जवाबदेह है। उन्होंने हर व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुना और उसका समाधान तय समय सीमा में करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। सरकार का लक्ष्य केवल समस्याएं सुनना नहीं, बल्कि उनका स्थायी समाधान करना है।



पानीपत। जनता समाधान शिविर में जनसुनवाई करते हुए उपायुक्त व पुलिस कप्तान। फोटो : हरिभूमि

### जनसेवा में समर्पित है पुलिसः एसपी

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने समाधान शिविरों में पुलिस विभाग की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कानून व्यवस्था से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है। समाधान शिविरों के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत किया जा रहा है। हर शिकायत की निष्पक्ष जांच कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। हमारा उद्देश्य है कि जिले में कानून व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त रहे और नागरिकों को सुरक्षित वातावरण मिले। पुलिस विभाग हर नागरिक की समस्या के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर एडीसी अंकित चौकसे, सीईओ डॉ किरण, डीडीपीओ राजेश शर्मा आदि अफसर उपस्थित रहे।

### 'जीरो पेंडेंसी' की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा

उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने मुख्यमंत्री सैनी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत करते हुए कहा कि इन शिविरों में सबसे अधिक समस्याएं फैमिली आईडी में आय संशोधन, राशन कार्ड बनवाने, बिजली और पेंशन से संबंधित सामने आती हैं। प्रशासन इन सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कर रहा है। डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि जिले में समाधान शिविरों के माध्यम से अब तक 94 प्रतिशत शिकायतों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया जा चुका है, जो प्रशासन की प्रतिबद्धता और कार्यक्षमता का प्रमाण है। हमारा लक्ष्य केवल आंकड़े बढ़ाना नहीं, बल्कि हर शिकायतकर्ता को संतुष्टि देना है। मुख्यमंत्री सैनी के निर्देशों के अनुरूप पूरा प्रशासन लगातार सक्रिय है और हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि शेष सभी समस्याओं का भी शीघ्र समाधान हो। 'जीरो पेंडेंसी' की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।





मतलौडा। एसडीएम आईटीआई शेरा में डिजिटल लैब का शुभारंभ करते मुख्यातिथि व कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### एसडीएम आईटीआई शेरा में अत्याधुनिक एआई एवं डिजिटल लैब का उद्घाटन

**मतलौडा।** बीआर एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित एसडीएम आईटीआई, शेरा में गुरुवार को अत्याधुनिक 'एआई एवं डिजिटल लैब' का भव्य उद्घाटन किया गया। यह लैब अदामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने अपनी सीएसआर पहल के तहत निर्माण ऑर्गनाइजेशन के सहयोग से स्थापित की है। समारोह के मुख्य अतिथि हरको बैंक के निदेशक अनिल पंवार रहे, जबकि अध्यक्षता अदामा इंडिया के नॉर्थ इंडिया हेड नवाब सिंह पंवार ने की। राजकीय आईटीआई पानीपत के प्रिंसिपल राकेश भाटिया विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।संस्थान के संस्थापक सुल्तान सिंह टामक ने बताया कि इस लैब का उद्देश्य ग्रामीण छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नवीनतम सॉफ्टवेयर टूल्स से जोड़कर भविष्य की औद्योगिक जरूरतों के लिए तैयार करना है। प्रिंसिपल जयदीप ने इसे संस्थान के लिए मील का पत्थर बताया। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### 17वें दिन भी गूंजा थर्मल, एमडी और मैनेजमेंट के खिलाफ नारेबाजी, बिजली ठप करने की चेतावनी



मतलौडा। पानीपत थर्मल गेट पर प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**मतलौडा।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित एचएसईबी वर्कर्स यूनियन का थर्मल पानीपत में रोष प्रदर्शन गुरुवार को 17वें दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों ने एमडी एचपीसीएल और थर्मल चीफ पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। राज्य प्रवक्ता जयवीर मान ने चेतावनी दी कि यदि मैनेजमेंट ने जल्द केंद्रीय परिषद के साथ मांगों पर समाधान नहीं निकाला, तो पूरे प्रदेश का बिजली कर्मचारी आंदोलन को मजबूर होगा। कर्मचारियों की मुख्य मांगों में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी रद्द करना, कैशलेस मेडिकल सुविधा और रिस्क अलाउंस लागू करना शामिल है। प्रदर्शन को पानीपत सर्कल, मतलौडा और इसराना सब-यूनिट्स का भी समर्थन मिला। इस दौरान भारी संख्या में महिला कर्मचारी भी मौजूद रहीं।



### रैर कलां पीएचसी में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू

**मतलौडा।** राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) रैर कलां में वीरवार को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन के टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत एसएमओ डॉ. नरेश राठी ने की। इस दौरान डॉ. राठी ने ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए बताया कि यह वैक्सीन 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को घातक बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए बेहद जरूरी है। उनके आह्वान पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने बेटियों का टीकाकरण करवाया। इस मौके पर नर्सिंग ऑफिसर रजनी, सोनिया और एएनएम मंजू, पूजा, कमलेश, शकुंतला, फूल व पंकज बेनीवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### सीपीआई ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** भगत सिंह स्मारक के टीका राम सखुन हाल में सीपीआई कार्यकर्ताओं ने शाहबाद के शहीदों एडवोकेट खुशदेव सिंह, गुरप्रीत कौर, गुरदीप सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उपस्थित साथियों ने नारे लगाकर शहीदों को लाल सलाम दिया। वहीं यादगार सभा का आयोजन का.सेवा सिंह मलिक व एडवोकेट राम मोहन राय की अध्यक्षता में किया गया। मंच संचालन करते हुए राज्य कार्य कारणी सदस्य एवं जिला सचिव पवन कुमार सैनी एडवोकेट ने कहा कि नौ अप्रैल सन 1988 को खालिस्तानी समर्थक आतंकवादियों ने शाहबाद के तत्कालीन सीपीआई विधायक डा.हरनाम सिंह के घर पर स्वचालित हथियारों के साथ जानलेवा हमला कर दिया था। जिसमें खुशदेव सिंह एडवोकेट, गुरप्रीत कौर, गुरदीप सिंह, डा.हरनाम सिंह व माता जसवंत कौर शहीद हो गए थे। इस अवसर पर एडवोकेट राम रतन, जयभगवान सैनी, पृथ्वी सिंह सैनी, प्रकाशी, रामधारी सैनी, कृष्ण लाल सैनी, सतीश कुमार, ओम सिंह यादव, भूपेन्द्र कश्यप, नवल किशोर, जितेश, सुशील कुमार, रूपेश सैनी, सोनू, लखमी चंद कश्यप, शीश राम, ओम प्रकाश कश्यप आदि ने शहीदों को नमन किया।



पानीपत। सीपीआई की शहीद श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पवन

## बेटियों को स्वरोजगार के सहायतार्थ सिलाई मशीनें भेंट की

# बेटियों को शिक्षित कर विकास के अवसर दें परिजनः ढांडा

■ महिलाएं शिक्षित होकर आत्मनिर्भर नहीं बनेगी तब तक भारत विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा ने कहा कि हर अभिभावक अपनी बेटियों को शिक्षित करते हुए उसे विकास के अवसर उपलब्ध करवाए। वहीं समाज के समर्थ वर्ग को जरूरमंद बेटियों को रोजगारपरक शिक्षा दिलवाने में सहयोग करना चाहिए। ढांडा, श्री अवध धाम सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में ट्रेनिंग ले चुकी बेटियों को प्रमाण पत्र व रोजगार के लिए सिलाई मशीनें भेंट करने के दौरान संबोधन कर रहे थे।



पानीपत। दाऊजी महाराज व हरपाल ढांडा, बेटियों को सिलाई मशीन भेंट करते हुए।

### ये मौजूद रहे

उन्होंने कहा कि भारत में आधी आबादी महिलाओं की है, जब तक महिलाएं शिक्षित होकर आत्मनिर्भर नहीं बनेगी तब तक भारत विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता। वहीं, बेटियों को महामंडलेश्वर अरुण दास महाराज दाऊ जी महाराज, पंडित राधे राधे महाराज, मेयर कोमल सैनी, रमेश नांगरू, रविंद्र सैनी, भार्गव भट्ट, पवन राणा, साहब सिंह रंगा, तिलक राज मिगलानी, प्रीतम गुर्जर, विशाल वर्मा, गुलशन चौक, राकेश ग्रोवर, रमेश चुग, सतीश तागरा, अजय बंसल, वेद बांगा, पंडित वेद पाराशर ने बेटियों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

### नशा तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने जलालपुर द्वितीय से पत्थरगढ़ गांव जाने वाली रोड पर बाग के पास नानक पुत्र मलकित सिंह निवासी अनाज मंडी मंगल कॉलोनी करनाल को 16.84ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया। थानेदार सुभाष ने बताया कि आरोपी के कब्जे से बरामद हेरोइन को कब्जा पुलिस में लेकर थाना सनौली में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट से चार दिन के रिमांड पर लिया है।

### कट्टे के साथ आरोपी

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने सनौली बाईपास स्थित बापौली चौक पर मन्नू पुत्र मुकेश निवासी दीनानाथ कॉलोनी नूरवाला को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। थानेदार विजय ने बताया कि आरोपी मन्नू के खिलाफ थाना सनौली में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। वहीं आरोपी को कोर्ट से एक दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### नासा में चयनित अजीत सम्मानित



पानीपत। नासा में चयनित अजीत मूल निवासी गांव डीपो जनेसरो जिला करनाल उनके ननिहाल गांव उग्राखेडी जिला पानीपत के राजकीय स्कूल में जोरदार स्वागत किया गया। स्मरणीय है कि अजीत इस गांव के राजकीय स्कूल में शिक्षित हुआ था। इधर, अजीत की मां छन्नो देवी उन्होंने मजदूरी कर अपने बेटे को शिक्षत किया। पिता रामपाल ने कहा कि अजीत ने कठोर परिश्रम का यह सफलता हासिल की है। गांव के गणमान्य लोगों और स्कूल स्टाफ ने अजीत और उनके माता-पिता को सम्मानित किया।

### प्रदूषण फैलाने की शिकायत दी

**पानीपत।** पानीपत के गांव सनौली में हरिद्वार व पानीपत हाईवे पर लिबर्टी टैक्शो फैब कंपनी द्वारा गंदा कैमिकल युक्त पानी निकाले जाने से परेशान आस-पास रहने वालों में प्रदर्शन कर उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया को शिकायत पत्र सौंपकर कंपनी संचालकों पर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता विपिन पुत्र विरेंद्र ने बताया कि पानीपत से हरिद्वारा जाने वाले पुराने रास्ते सनौली रोड पर लिबर्टी टैक्शो फैब कंपनी द्वारा प्रदूषित कैमिकल युक्त पानी छोडा जा रहा है।

### कांग्रेस की प्राथमिकता है जनहितः रमेश



**पानीपत।** कांग्रेस ग्रामीण के पदाधिकारियों की मासिक बैठक वीरवार को हुडा सेक्टर 25 ट्रांसपोर्ट नगर स्थित कांग्रेस ग्रामीण के कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष रमेश मलिक ने की और संचालन जिला संगठन महासचिव दीपक खटकड ने किया। वहीं बैठक में जनता से जुड़े गंभीर मुद्दों, लोगों को आ रही समस्याओं और संगठन को ओर ज्यादा मजबूत करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं, मलिक ने कहा कि कांग्रेस जनता के हित के लिए हमेशा संघर्षरत है। वहीं, जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर उनका समाधान करवाना कांग्रेस की प्राथमिकता है। इस अवसर पर बडी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नशा तस्कर पर नया केस दर्ज करने के आदेश

**पानीपत।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कम फास्ट ट्रैक कोर्ट (एनडीपीएस) योगेश चौधरी की कोर्ट ने नशा तस्करी के आरोपी कृष्णलाल के खिलाफ न केवल दोबारा गैर-जमानती वारंट जारी किए हैं, बल्कि संबंधित हुडा सेक्टर 29 थाना के एचएचओ को आरोपी कृष्णलाल के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज कर और उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के आदेश दिए है। वहीं, कृष्णलाल के खिलाफ दूसरी एफआईआर दर्ज की गई है। स्मरणीय है कि आरोपी कृष्णलाल मुकदमें की पेशी पर कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था। वहीं, चौधरी की अदालत चार मई को इस मामले की सुनवाई करेगी।

कार्यक्रम | आईबी कॉलेज में सितार पर व्याख्यान सह प्रदर्शन का आयोजन

# आत्मा की अभिव्यक्ति है संगीतः डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज में संगीत विभाग द्वारा विशेष व्याख्यान सह प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचकूला से पधारे प्रख्यात सितार वादक डॉ. पंडित हरविंदर शर्मा ने विद्यार्थियों को सितार वादन की बारीकियों से अवगत कराया तथा मनमोहक प्रस्तुति भी दी, जबकि कार्यक्रम में तबले पर अमन कुमार ने उत्कृष्ट संगत कर कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाया। वहीं, कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात कॉलेज प्रबंधन समिति से कोषाध्यक्ष रवि गोसाईं, प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह, उपप्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक तथा कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापकों ने अतिथि कलाकार को पौधा भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. भगवंत कौर द्वारा किया गया तथा आयोजन सचिव डॉ. मोनिका वर्मा रहीं। अपने व्याख्यान में डॉ. पंडित हरविंदर शर्मा ने सितार की संरचना, रागों की विशेषताओं, तथा भारतीय शास्त्रीय संगीत की परंपरा पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को राग प्रस्तुति की सूक्ष्मताओं से परिचित कराया। संगीत आत्मा की अभिव्यक्ति है। संगीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि आत्मा की अभिव्यक्ति है। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन से रवि गौसाईं, युधिष्ठिर मिगलानी, डॉ. किरण मदान, डॉ. नीलम, डॉ. पूनम मदान , डॉ. अर्पणा गर्ग, डॉ. सुनीता ढांडा, डॉ. राजेश, डॉ. प्रवीन, डॉ. गुरनाम, डॉ. पूनम गुप्ता, डॉ. निर्मला, प्रो. कनक, प्रो. माधवी, डॉ. नेहा पुनिया, प्रो. संगीता, राजेश बाला, संगीतज्ञ डॉ. दिनकर शर्मा व सितारवादक डॉ. सुशील कुमार भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। वहीं, अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



पानीपत। आईबी कॉलेज में सितार वादन करते हुए डॉ. पंडित हरविंदर शर्मा व उनकी टीम। फोटो : हरिभूमि

### पिता अपनी पुत्री को जबरन ले गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के संत नगर निवासी एक व्यक्ति अपनी सास व साले से अपनी बेटी को जबरन छीन कर ले गया। स्मरणीय है कि आरोपी व्यक्ति का विवाह अंसल निवासी युवती के साथ सन 2017 को हुआ था। दोनों के बीच विवाद चल रहा है और युवती अपनी बेटी के साथ मायके में रह रही है। आरोपी, अपनी सास व साले से अपने बेटी को उस समय छीन कर ले गया जब लडकी अपनी नारी व मामा के साथ स्कूल से घर वापस लौट रही थी। इधर, परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### बायोमेट्रिक प्रणाली बन रही परेशानी : बिल्लू

**उचाना।** इनेलो हलकाध्यक्ष समरवीर उर्फ बिल्लू पेगां ने कहा कि वर्तमान पोर्टल आधारित व्यवस्था और बायोमेट्रिक प्रणाली किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। सरकार द्वारा लागू की गई बायोमेट्रिक प्रणाली के चलते किसानों को अपनी फसल बेचने में अनावश्यक देरी और तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### स्व. चतरभुज की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर कल

**उचाना।** 11 अप्रैल को कसूहन गांव के चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल में समाज सेवी स्व. चतरभुज अत्री की पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित होगा। योगेश कसूहन ने बताया कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री शिविर का शुभारंभ करेंगे।

### सद्भाव यात्रा का हो रहा जोरदार स्वागत : हरेंद्र

**उचाना।** कांग्रेस नेता हरेंद्र सिंह ने कहा कि सदभाव यात्रा का अंतिम चरण चल रहा है। नरवाना हलके के दनौदा गांव के ऐतिहासिक चबूतरे से सदभाव का संदेश लेकर प्रदेश के लिए कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह निकले थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में यात्रा चल रही है। हर हलके में जोरदार स्वागत यात्रा का हो रहा है। बृजेंद्र सिंह को सुनने उनसे मिलने के लिए लोगों में उत्साह है जो इस यात्रा की सफलता को साबित करता है। यात्रा से कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिल रही है।

## कांग्रेस के पूर्व सीएम और प्रदेशाध्यक्ष ने अनाज मंडी में जानी किसानों की समस्याएं

# मंडी खरीद में नए-नए नियम बनाकर किसानों को किया जा रहा परेशान

**सरकार नए-नए पोर्टलों के माध्यम से किसानों को वे वजह परेशान करने में लगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा एवं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने अनाज मंडी दौरा कर किसानों की समस्याओं का जायजा लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा। आधार कार्ड, 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा', गेट पास, बॉयोमैट्रिक व गारंटर जैसी प्रक्रियाओं के नाम पर किसानों का परेशान किया जा रहा है। उन्होंने सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि जिन महिलाओं व लड़कियों के नाम पर जमीन है, क्या वे स्वयं मंडियों में आएंगी? उन्होंने ने आरोप लगाते हुए कहा कि मंडियों मे फर्जीवाड़ा हो रहा है। पहले धान घोटाला हुआ फिर आलू घोटाला हुआ। आलू 50 पैसे किलो बिका।अब यह गेंहू में घोटाला करेंगे।कांग्रेस सरकार में हर किसान की फसल खरीदी जाती थी किसी ने पहले इस तरह किसानों को परेशान होते नही देखा है।सब किसानों के पास ट्रैक्टर ट्रॉली नहीं है।काफी किसान किराए पर ही लेकर आते हैं। बारिश से फसल का वजन बढने वाले कृषि मंत्री के ब्यान पर हुड्डा ने कहा कि बारिश के नुकसान का सर्वे करवाया जाना चाहिए। किसानों को बोनस मिलना चाहिए।

**>> किसानों को नहीं मिल रहा न्यूनतम समर्थन मूल्य, पोर्टल सिस्टम पर किया तीखा वार**


अंबाला। मंडी में आई गेहूं की फसल को जांचते पूर्व सीएम हुड्डा व प्रदेशाध्यक्ष।

**>> ाज्यसभा चुनाव में वोट क्रॉस करने वाले विधायकों ने जनता व पार्टी को दिया धोखा, तुरं दें इस्तीफा**


विधायक निर्मल सिंह के आवास पर मौजूद पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा व अन्य।

### विधायकों के वोट जानबूझकर किए रद्द

एवं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के मुद्दे पर कहा कि कांग्रेस ने जिनको टिकट दिया और जनता ने वोट देकर जिताया, उन्होंने क्रास वोट करके जनता और पार्टी को धोखा दिया गया है।उनके खिलाफ अनुशासन समिति रिपोर्ट बना रही है।नोटिस दिए गए हैं।कुछ पेश भी हुए है।कुछ ने जवाब दिया है कुछ ने नहीं दिया है। रिपोर्ट ऊपर भेज दी गई है।उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। दोनों नेताओं ने कहा कि कांग्रेस के विधायकों के वोट जानबूझकर रद्द किए गए। विधायक परमवीर के वोट को सही बताते हुए उन्होंने कहा कि वीडियो में स्पष्ट है कि उन्होंने नियमों के तहत मतदान किया, फिर भी उनका वोट रद्द किया गया। कांग्रेस पार्टी ने इस मामले में रिटर्निंग ऑफिसर की शिकायत की है। नारायणगढ़ से कांग्रेस विधायक शैली चौधरी द्वारा दिखाकर वोट डालने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जब दिखाकर वोट डाली तभी तो उनका नाम आया है।एक झूठ छुपाने के लिए इंसान को सौ झूठ बोलने पडते हैं।उससे ज्यादा वह कुछ नहीं कहना चाहते हैं। शैली चौधरी द्वारा उनकी राजनीति खत्म करने की साजिश के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी ने उनको टिकट दिया जनता ने चुनकर भेजा वह जवाब दें।

### पूर्व सीएम ने जाना विधायक की पत्नी का हालचाल

अंबाला। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने शहर के विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री निर्मल सिंह के निवास पर पहुंचे। उन्होंने विधायक निर्मल सिंह की धर्मपत्नी नैब कौर का हालचाल जाना। उन्होंने पिछले दिनों ही अपने घुटनों की सर्जरी करवाई थी। इससे पहले उन्होंने अंबाला शहर अनाज मंडी का दौरा किया। यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा है कि बीजेपी सरकार फसल खरीद के नाम पर सिर्फ घोटाले करती है। इसी तरह गेहूं-सरसों खरीद के नाम पर एक और घोटाले को अंजाम दिया जा रहा है। सरकार गेहूं और सरसों की खरीद करने की बजाय किसानों पर एक के बाद एक अजीबो-गरीब शर्तें थोप रही है। कभी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, फिर गेट पास, उसके साथ बॉयोमेट्रिक, ट्रैक्टर नंबर, वेरिफिकेशन और गारंटर जैसी शर्तें थोपी जा रही हैं। किसानों के साथ अपराधियो सा व्यवहार किया जा रहा है।



नारायणगढ़। प्रदर्शन करते सीटू कार्यकर्ता व कर्मी।

## जान जोखिम में डालकर काम करने वाले दमकल कर्मियों से सौतेला व्यवहार कर रही सरकार : सेठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

वीरवार को शहरी ठेका सफाई कर्मचारी यूनियन (सीटू) के प्रधान शशांक हंस व सचिव बीर सिंह ने अपने साथियों सहित फायर कर्मचारियों की हड़ताल में पहुंचकर उनकी मांगों का समर्थन किया। इसके बाद 8 से हड़ताल पर बैठे फायर कर्मियों ने ठेका सफाई मजदूरों के साथ मिलकर कम्यूनिटी हाल से नगरपालिका कार्यालय होते हुए सुभाष चौक तक प्रदेश सरकार की बीजेपी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए सेंट्रल ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) के राज्य सचिव सतीश सेठी ने कहा कि दमकल कर्मचारी हर परिस्थिति में अपनी जान जोखिम में डालकर जनता, किसानों और समाज की सुरक्षा करते हैं लेकिन सरकार उनके साथ उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाए हुए है। गत 16 फरवरी को फरीदाबाद की कालकाजी स्टील कंपनी अग्निकांड में अपनी जान गंवाने वाले कर्मचारी भवि चंद शर्मा व रणबीर सिंह को सरकार ने अभी तक शहीद का दर्जा नहीं दिया है। इससे फायर कर्मियों में सरकार के प्रति नाराजगी है। सेठी ने कहा कि शहीद होने वाले दोनों कर्मचारी कच्चे थे इसलिए भाजपा सरकार उनसे सौतेला व्यवहार कर रही है। सीटू इस भेदभाव को कतई भी बर्दाश्त नहीं कर सकता। इसलिए सरकार इसको गंभीरता से ले और मृतकों को शहीद का दर्जा, पीड़ति परिवारों को एक एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता व एक आश्रित को पक्की सरकारी नौकरी दी जाए वरना आंदोलन तेज होगा।प्रधान शशांक हंस व सचिव बीर सिंह ने अपने साथियों सहित फायर कर्मचारियों की हड़ताल में पहुंचकर उनकी मांगों का समर्थन किय।

## नई ट्रांसफर पॉलिसी से जगी थी उम्मीद लेकिन मिल रही है निराशा : यूनियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

नई शिक्षक ट्रांसफर पॉलिसी लागू होने के बावजूद सरकारी शिक्षकों के तबादले अब तक नहीं हो पाए हैं। सरकार के दावों और जमीनी हकीकत के बीच बढ़ती खाई ने एक बार फिर शिक्षक वर्ग को निराशा के अंधेरे में धकेल दिया है। प्रदेश में जेबीटी, टीजीटी और पीजीटी शिक्षकों के सामान्य तबादले वर्षों से लंबित हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति जेबीटी शिक्षकों की है, जिनके सामान्य तबादले सितंबर 2016 के बाद से अब तक नहीं हुए। नतीजा यह है कि हजारों शिक्षक वर्षों से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं, जबकि दूर-दराज़ और पिछड़े इलाकों में कार्यरत शिक्षक सबसे ज्यादा परेशान हैं। नई ट्रांसफर पॉलिसी से इस बार उम्मीद जगी थी कि लंबे समय से अटकी प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। विभाग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार 28 मार्च को तबादला सूची जारी होनी थी लेकिन यह तिथि भी बिना किसी परिणाम के गुजर गई।ऑनलाइन ट्रांसफर नीति फिलहाल अदालत में उलझी हुई है। पिछली सुनवाई में सरकार कोर्ट को संतुष्ट नहीं कर सकी, जिसके चलते अदालत ने मॉडल ट्रांसफर पॉलिसी पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। अहरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन के राज्य सचिव संदीप खोखर ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "नीति लागू होने के बावजूद तबादले न होना शिक्षकों के धैर्य की परीक्षा बन गया है।

### 24 अप्रैल को होनी है मामले में सुनवाई

मामले की अगली सुनवाई 24 अप्रैल को तय की गई है। इस कानूनी अड़चन के चलते पूरी ट्रांसफर प्रक्रिया ठप पड़ी है। स्थिति को और जटिल बनाते हुए जनगणना प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। परंपरा के अनुसार इस अवधि में तबादले नहीं किए जाते, जिससे शिक्षकों को आशंका है कि इस बार भी उनकी उम्मीदें अधूरी रह सकती हैं। तबादलों में देरी का असर अब शिक्षा व्यवस्था पर साफ दिखने लगा है। कई स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है, जबकि कुछ स्थानों पर आवश्यकता से अधिक स्टाफ तैनात है। रिटायरमेंट, खाली पदों और नई नियुक्तियों में देरी के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।गौरतलब है कि मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री द्वारा 1 अप्रैल तक तबादले पूरे करने का दावा किया गया था, लेकिन मौजूदा हालात इस वादे की पोल खोलते नजर आ रहे हैं।

## हर बच्चे को स्कूल तक लेकर आने का प्रयास कर रही सरकार

- नारायणगढ़-शहजादपुर में दाखिल हुआ दाखिला अभियान
- रथ घर-घर जाकर लोगों को सरकारी स्कूलों में बच्चों का दाखिला करवाने के लिए कर रहा जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा चलाए गए सरकारी विद्यालयों में बच्चों के दाखिला अभियान के चौथे दिन ' दाखिला अभियान रथ' जिला के नारायणगढ़ खंड में पहुंचने पर राजकीय सीनियर सैकेंडरी विद्यालय अकबरपुर की प्रधानाचार्य पूनम भारती व प्रवीण कुमारी ने *संगठन के जिला महासचिव प्रकाश गिल,विजेंद्र रेढू एफएलएन कॉऑर्डिनेटर ,जिला प्रवक्ता कृष्ण पुनिया व जुगबीर बूरा का फूल मालाएं डालकर स्वागत किया। साथ ही समस्त विद्यालय स्टाफ के साथ सभी बच्चों को रथ के साथ लेकर पूरे गांव भर में दाखिला जागरूकता अभियान चलाया । इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकारी विद्यालयों में *दाखिलों को बढ़ाना तथा अभिभावकों को सरकारी विद्यालय में मिलने वाली गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा व निपुण मिशन के प्रति लोगों को जागरूक करना । अकबरपुर के स्टाफ सदस्यों ने अभिभावकों से घर-घर जाकर अपने बच्चों का दाखिला सरकारी विद्यालय में करवाने के लिए अपील की ।प्रवक्ता कृष्ण पुनिया ने बताया कि दाखिला अभियान रथ के द्वारा जिले के सभी खंडों में सरकारी स्कूलों में दाखिला हेतु प्रचार किया जाएगा।


अंबाला। दाखिला रथ के साथ मौजूद स्कूली छात्र व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### दाखिला अभियान रथ को मिल रहा भरपूर समर्थन

विद्यालय प्रधानाचार्य पूनम भारती ने कहा कि वे इस अभियान को अपने सीआरसी में हर गांव हर घर तक इस जागरूकता अभियान को लेकर जाएंगे। हर बच्चे को स्कूल तक लाने का प्रयास करेंगे । संगठन के महासचिव प्रकाश गिल ने बताया कि दाखिला अभियान रथ को सभी जगह भरपूर सहयोग मिल रहा है और संगठन के प्रयासों की प्रशंसा की जा रही है। जगह जगह फूलमालाओं से स्वागत कर टीम का हौसला बढ़ाया जा रहा है। खंड के उपरांत ' दाखिला अभियान रथ ' खंड शहजादपुर में पहुंचा। खंड के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार किया।खंड शिक्षा अधिकारी सुदेश बिंदल व खंड शिक्षा अधिकारी शहजादपुर सुरेंद्र सिंह ने राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की टीम की इस बेहतर प्रयास के लिए प्रशंसा की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।



## विद्यार्थियों को मेहनत और समर्पण के साथ आगे बढ़ना चाहिए : देवेंद्र अत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

नगूरां गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता अलेवा खंड शिक्षा अधिकारी अनिल बाला चहल व बिजेंद्र सिंह ने की तथा मुख्य रूप से उचाना कलां के विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री ने भाग लिया। मंच संचालन प्रवक्ता विनिता दुहन व सुखविंद्र ने किया। इस दौरान स्कूल में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र अत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढना चाहिए। विद्यालय ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम हैं और यहां के विद्यार्थी भविष्य में देश का नाम रोशन करेंगें। उन्होंने विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों को विधायक ने सम्मानित किया। उन्होंने पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए अन्य छात्रों को भी उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्राचार्य बिजेंद्र सिंह, भाजपा की वरिष्ठ नेता गोस्वामी नीरज देवी, ब्लाक समिति चेयरमेन राहुल, मार्केट कमेटी अलेवा के उप चेयरमेन शमशेर नगूरां, बैकवर्ड प्रधान धर्मबीर सैन, सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप, शाहपुर गांव के सरपंच जयपाल, जितेंद्र शर्मा, सतपाल पेगां, बिमला अलेवा के अलावा एबीआरसी अशोक कुमार समेत विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

### फाइनल राउंड में पहुंचे जुलाना के अजय कुमार

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के प्रतिभाशाली युवा अजय शर्मा का चयन माई भारत बजट क्विज के फाइनल राउंड के लिए हुआ है। इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है और युवाओं में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। अजय शर्मा ने बताया कि देशभर से लाखों प्रतिभागियों के बीच फाइनल राउंड तक पहुंचना उनके लिए बेहद गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय जुलाना ब्लॉक के राष्ट्रीय स्वयंसेवक मोनू लाठर करसोला को दिया। अजय शर्मा ने कहा कि मोनू लाठर ने उन्हें समय-समय पर पूरा सहयोग दिया तथा प्रतियोगिता से जुड़ी आवश्यक जानकारियां लगातार उपलब्ध करवाईं।


जुलाना। मंडी में गेहूं की फसल लेकर पहुंचे मार्केट कमेटी के चेयरमैन मीनू शर्मा।

### किसानों को नहीं आने दी जाएगी परेशानी : चेयरमैन

**जुलाना।** प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में गेहूं की खरीद को लेकर आदेश जारी किए गए हैं। गेहूं की आवक आने शुरू हो गई है लेकिन अभी तक सभी मंडियों में पूरी तरह से व्यवस्था लागू नही हो पाई है। जानकारी के अनुसार नई अनाज मंडी में गेहूं की खरीद प्रक्रिया को लेकर मार्केट कमेटी द्वारा तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी में मार्केट कमेटी चेयरमैन मीनू शर्मा खुद गेहूं से भरी ट्रैक्टर व ट्राली लेकर गेट पास बनवाने के लिए मंडी पहुंचे। चेयरमैन मीनू शर्मा ने कहा कि उन्होंने खुद ट्रैक्टर ट्रॉली लाकर यह देखने का प्रयास किया कि गेट पास बनाने की प्रक्रिया में कितना समय लगता है और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं हो रही।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता में सूरज और सुकांत की टीम रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा वाद-विवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमुख विषयों में जेंडर डिबेट, डिमॉनेटाइजेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोजगार, विश्व युद्धों के प्रभाव तथा कच्चे तेल पर निर्भरता शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य सत्यवान मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते वाद-विवाद की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। बताया कि डिबेट विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, तार्किक क्षमता तथा विचार अभिव्यक्ति को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं व्यावहारिक जीवन में डिबेट की अनिवार्यता और महत्व के बारे में भी अवगत कराया। इस कार्यक्रम में लगभग 30 विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। जिनमें से 16 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी सूरज और सुकांत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थी अखिल और अंकुश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि एमए अंतिम वर्ष की छात्राएं अंजू और काजल तृतीय स्थान पर रही।


जींद। प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए।

## इंडस्ट्रियल एरिया का देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान : अनिल विज

# इंडस्ट्रियल एरिया बाढ़ से बचाने के लिए 10.76 करोड़ का 'रक्षा कवच'

**इंडस्ट्रियल एरिया 1970 के आसपास बना था और उनके दोस्त नेत्रपाल ने सबसे पहले यहां इंडस्ट्री लगाई थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी इंडस्ट्रियल एरिया का देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान है। यहां पर साइंस से जुड़े एवं अन्य जो उपकरण तैयार किए जाते हैं उनका रक्षा, इंजीनियरिंग कालेज व मेडिकल कालेजों, स्कूलों, एयरफोर्स में व अन्य क्षेत्रों में प्रयोग किया जाता है। इस दृष्टि से इंडस्ट्रियल एरिया का देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान है। मंत्र अनिल विज वीरवार को इंडस्ट्रियल एरिया अंबाला छावनी की 10 करोड़ 76 लाख रुपए की लागत से आरसीसी रिटेनिंग वाल चार दीवारी के शिलान्यास के उपरांत आपार जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर औद्योगिक क्षेत्र के पदाधिकारियों, भाजपा पदाधिकारियों व एचएसआईआईडीसी अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया गया। विज ने इस मौके पर इंडस्ट्रियल एरिया के लोगों को चार दिवारी के कार्य की शुरूआत होने पर बधाई देते हुए कहा कि अम्बाला छावनी इंडस्ट्रियल एरिया 1970 के आसपास बना था और उनके दोस्त नेत्रपाल ने सबसे पहले यहां इंडस्ट्री लगाई थी। उन्होंने कहा तब से बरसातें आती रही और इंडस्ट्रियल एरिया डूबता रहा और नुक्सान होते रहे, मगर ठोस काम कभी नहीं हुआ। मगर हम इंडस्ट्रियल एरिया वासियों की मांग पर 10.76 करोड़ रुपए की लागत से कंकरीट की चारदीवारी बनाकर दे रहे हैं जोकि आठ फुट ऊंची व 14 फुट जमीन से नीचे होगी ताकि पानी का दबाव दीवार को गिरा न सके।


शिलान्यास समारोह में मौजूद मंत्री अनिल विज व कारोबारी। फोटो : हरिभूमि

### रिंग रोड तक सात सेक्टर बनेंगे

ऊर्जा मंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि हर रोज अंबाला छावनी में विकास से जुडे काम करवाए जा रहे हैं। अंबाला-साहा रोड को फोरलेन करने का, अंबाला छावनी के चारो तरफ रिंग रोड का निर्माण कार्य, हौम्योपेथिक मेडिकल कॉलेज, एनसीडीसी (राष्ट्रीय रोग नियंत्रक केंद्र) के साथ-साथ अनगिनत ऐसे विकास कार्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि रिंग रोड के अंदर सात नए सेक्टर बनाने का काम किया जा रहा है जबकि इंडस्ट्रियल एरिया के पीछे गांव रौंला तक इंडस्ट्रियल एरिया सेक्टर, घसीटपुर में ट्रांसपोर्ट सेक्टर के साथ-साथ अन्य विकास रूपी कार्य करवाते हुए अम्बाला छावनी को ओर सुंदर एवं विकसित बनाने का काम किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005